**भारत सरकार**
**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**
**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्याः 3641**
**उत्तर देने की तारीखः 15.07.2019**

**जवाहर नवोदय विद्यालय**

**†3641. श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन':**
**श्री कौशलेन्द्र कुमारः**
**श्री पल्लब लोचन दासः**

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत 15 वर्षों के दौरान देश में खुले नवोदय विद्यालय (एनवी) और एक विशेष क्षेत्र में एनवी स्थापित करने के लिए निर्धारित मानदंडों सहित राज्य-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार असम में शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉक/क्षेत्र में आवसीय विद्यालय बनाने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) गत 15 वर्षों के दौरान नवोदय विद्यालय संगठन में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर (पीजीटी) ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर (टीजीटी) और प्राथमिक अध्यापक (पीआरटी) के पद के लिए की गई नियमित भर्तियों का विद्यालय-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) पीआरटी, पीजीटी और टीजीटी के लिए नए एनवी में की गई कुल नियमित भर्तियों में से आज की तिथि तक की गई भर्तियों का श्रेणी-वार अनारक्षित/ओबीसी/एससी/एसटी ब्यौरा क्या हैं;

(ङ) इन विद्यालयों में पीआरटी, पीजीटी और टीजीटी के रूप में अनुबंध के आधार पर काम करने वाले शिक्षकों की संख्या का स्कूल-वार और विषय-वार ब्यौरा क्या है और अनारक्षित/ओबीसी/एससी/एसटी से सम्बन्ध रखने वाले अनुबंध शिक्षकों की श्रेणी-वार, विद्यालय-वार और विषय-वार संख्या कितनी है; और

(च) कुल स्वीकृत पदों की तुलना में अनुबंध शिक्षकों के प्रतिशत का विषय-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**मानव संसाधन विकास मंत्री**
**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) से (ग)**:** नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) खोलने की परिकल्पना की गई है। नए जेएनवी खोलना एक सतत प्रक्रिया है, जो स्थायी भवन के निर्माण हेतु अपेक्षित समुचित भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराने और स्थायी भवन

का निर्माण होने तक विद्यालय चलाने के लिए अपेक्षित अस्थायी भवन किराया-मुक्त उपलब्ध कराने की संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की सहमति पर निर्भर करता है। तथापि, वास्तविक स्वीकृति और नए जेएनवी खोलना निधियों की उपलब्धता और सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन पर निर्भर करता है। असम राज्य सहित देश के सभी जिलों में प्रत्येक में एक जेएनवी की स्वीकृति (31 मई, 2014 तक) दी गई है। तमिलनाडु राज्य ने अभी तक नवोदय विद्यालय योजना को स्वीकार नहीं किया है।

असम राज्य में काछर, कामरूप (मेट्रो) और मजूली जिलों में समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत प्रत्येक में 100 छात्रों की क्षमता वाले तीन आवासीय स्कूलों और एक छात्रावास स्वीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त, एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल (ईएमआरएस) खोलने के लिए अनुसूचित जनजाति की 50**%** से अधिक आबादी वाले तथा कम-से-कम 20,000 जनजातीय व्यक्तियों वाले 13 उप-जिले/ब्लॉक नामतः सारुपेटा (पीटी), जलाह (पीटी), जोनई, उमरांगसो, माहुर, मईबोंग, हाफलांग, दुधनई, बोको, फुलोनी, सिलोनीजन, खोईराबरी (पीटी) और डोंका अभिचिह्नित किए गए हैं।

चूंकि जेएनवी कक्षा VI से शुरू होते हैं, इसलिए जेएनवी में प्राथमिक शिक्षक (पीआरटी) के पद स्वीकृत नहीं किए जाते हैं। प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) और स्नातकोत्तर शिक्षक (पीजीटी) के पद के लिए सृजित पदों और कार्यरत स्टाफ (आज की तारीख तक) के ब्यौरे के साथ विगत 15 वर्षों के दौरान देश में खोले गए जेएनवी का राज्य-वार और स्थान-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(घ)**:** विगत 15 वर्षों के दौरान देश में खोले गए जेएनवी में नियुक्त पीजीटी और टीजीटी का श्रेणी-वार ब्यौरा (आज की तारीख तक) निम्नानुसार हैः

| **पद का नाम** | **अनारक्षित** | **अन्य पिछड़ा वर्ग** | **अनुसूचित जाति** | **अनुसूचित जनजाति** |
|---|---|---|---|---|
| **पीजीटी** | 256 | 142 | 108 | 44 |
| **टीजीटी** | 552 | 419 | 206 | 127 |

(ड.) और (च): जेएनवी में पीजीटी और टीजीटी के पदों को नियमित आधार पर स्वीकृत किया जाता है और इन्हें आरक्षण तथा रियायत के संबंध में भारत सरकार के नियमों तथा दिशानिर्देशों का विधिवत अनुसरण करते हुए स्थानांतरण, भर्ती तथा पदोन्नयन द्वारा भरा जाता है। जेएनवी स्तर पर संविदात्मक शिक्षकों को उपलब्ध रिक्तियों में अस्थायी उपाय के रूप में अल्प अवधि के लिए किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्रों की शिक्षा में बाधा न आए। एनवीएस द्वारा संविदात्मक शिक्षकों का ब्यौरा नहीं रखा जाता है क्योंकि उन्हें अस्थायी आधार पर नियुक्त किया जाता है। रिक्तियों को भरने के लिए समय-समय पर भर्ती और पदोन्नयन अभियान चलाए जाते हैं।

*****

**अनुबंध**

**जवाहर नवोदय विद्यालय के संबंध में श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन', श्री कौशलेन्द्र कुमार और श्री पल्लब लोचन दास द्वारा दिनांक 15.07.2019 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं. 3641 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) और स्नातकोत्तर शिक्षक (पीजीटी) के पद के लिए सृजित पदों और कार्यरत स्टाफ (आज की तारीख तक) के ब्यौरे के साथ विगत 15 वर्षों के दौरान देश में खोले गए जेएनवी का राज्य-वार और स्थान-वार ब्यौरा**

| क्र. सं. | राज्य का नाम/संघ राज्य क्षेत्र | जेएनवी | पीजीटी | | टीजीटी | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | स्वीकृत | भरे हुए | स्वीकृत | भरे हुए |
| 1. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र | मध्य अंडमान | 11 | 9 | 16 | 8 |
| | | दक्षिण अंडमान | 0 | 0 | 9 | 6 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | पूर्वी गोदावरी -II | 7 | 6 | 11 | 7 |
| | | प्रकासम -II | 7 | 5 | 15 | 9 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | अनजॉ | 1 | 0 | 10 | 6 |
| | | पूर्वी सियांग | 1 | 0 | 10 | 9 |
| | | क. कुमये | 1 | 0 | 10 | 8 |
| | | दिबांग वैली | 5 | 4 | 10 | 6 |
| | | अपर सुबानसिरी | 6 | 0 | 10 | 7 |
| | | अपर सियांग | 1 | 1 | 10 | 8 |
| | | पश्चिम सियांग | 7 | 4 | 14 | 9 |
| | | पश्चिमी कामेंग | 1 | 0 | 10 | 10 |
| 4. | असम | कार्बीआंगलोंग-II | 6 | 1 | 11 | 8 |
| | | बक्सा | 6 | 1 | 10 | 9 |
| | | बोंगईगांव | 10 | 10 | 15 | 13 |
| | | धुबरी | 7 | 3 | 14 | 12 |
| | | एन.सी. हिल्स | 2 | 0 | 11 | 8 |
| | | नौगांव | 9 | 8 | 15 | 13 |
| | | उदालगुड़ी | 7 | 6 | 13 | 8 |
| 5. | बिहार | अरवाल | 7 | 6 | 10 | 9 |
| | | गया-II | 3 | 3 | 10 | 8 |
| | | लखी सराय | 7 | 7 | 14 | 8 |
| | | रोहतास | 6 | 6 | 11 | 10 |
| 6. | छत्तीसगढ़ | बालोद | 0 | 0 | 9 | 2 |
| | | बलौदा बाजार | 0 | 0 | 9 | 3 |
| | | बलरामपुर | 0 | 6 | 9 | 9 |
| | | बस्तर | 7 | 7 | 15 | 11 |
| | | बेमतारा | 0 | 0 | 9 | 4 |
| | | बीजापुर | 0 | 0 | 9 | 2 |
| | | धमतरी | 7 | 6 | 15 | 14 |
| | | गरियाबंद | 0 | 0 | 9 | 3 |
| | | जशपुर | 7 | 5 | 11 | 10 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जांजगीर-चंपा | 9 | 7 | 14 | 8 |
| | | कबीरधाम | 7 | 5 | 15 | 9 |
| | | कानकेर | 10 | 8 | 15 | 13 |
| | | कोन्डागाँव | 0 | 0 | 9 | 4 |
| | | कोरिया | 8 | 5 | 15 | 11 |
| | | मुंगली | 0 | 0 | 9 | 3 |
| | | नारायणपुर | 0 | 0 | 9 | 1 |
| | | सुकमा - I | 0 | 2 | 9 | 5 |
| | | सुकमा - II | 5 | 0 | 10 | 3 |
| | | सरगुजा | 0 | 0 | 9 | 2 |
| 7. | गुजरात | अहमदाबाद | 0 | 0 | 9 | 7 |
| | | अमरेली | 7 | 7 | 15 | 12 |
| | | आणंद | 7 | 4 | 15 | 10 |
| | | बोताड | 0 | 0 | 9 | 3 |
| | | डांगस | 7 | 4 | 14 | 12 |
| | | दहोद-II | 0 | 0 | 10 | 4 |
| | | देवभूमि द्वारका | 0 | 0 | 9 | 1 |
| | | जूनागढ़ | 9 | 0 | 15 | 3 |
| | | मही सागर | 0 | 0 | 9 | 1 |
| | | नर्मदा | 2 | 0 | 10 | 7 |
| | | नवसारी | 5 | 2 | 12 | 7 |
| | | पंचमहल | 9 | 7 | 15 | 13 |
| | | साबरकंठा | 0 | 0 | 7 | 0 |
| | | वलसाद | 0 | 0 | 12 | 6 |
| 8. | हरियाणा | अंबाला | 10 | 8 | 15 | 13 |
| | | फतेहाबाद | 10 | 9 | 15 | 14 |
| | | नूह | 10 | 5 | 15 | 14 |
| | | पलवल | 0 | 1 | 9 | 7 |
| | | रोहतक | 9 | 5 | 15 | 13 |
| | | यमुनानगर | 10 | 8 | 15 | 13 |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | कुल्लू | 9 | 5 | 14 | 12 |
| 10. | जम्मू और कश्मीर | जम्मू- II | 0 | 0 | 12 | 4 |
| | | किश्तवर | - | - | - | - |
| | | कुलगाम | 0 | 0 | 10 | 5 |
| | | रियासी | 9 | 2 | 14 | 7 |
| | | सांबा | 10 | 9 | 16 | 13 |
| 11. | झारखंड | जामतारा | 7 | 5 | 11 | 10 |
| | | खूँटी | 0 | 0 | 9 | 5 |
| | | पाकुर II | 0 | 0 | 10 | 7 |
| | | पलामू II | 4 | 4 | 10 | 7 |
| | | रामगढ़ | 0 | 0 | 9 | 5 |
| | | सिमडेगा | 9 | 8 | 15 | 8 |
| 12. | कर्नाटक | कोलार | 0 | 0 | 9 | 6 |
| | | कालाबुरागी-I | 0 | 0 | 9 | 5 |
| | | रामनगरा | 0 | 0 | 9 | 6 |
| | | यादगिरी | 7 | 5 | 16 | 12 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13. | केरल | वायनाड | 7 | 7 | 15 | 13 |
| 14. | मध्य प्रदेश | अगार मालवा | 0 | 0 | 9 | 3 |
| | | अलीराजपुर | 9 | 8 | 16 | 15 |
| | | अनूपापुर | 10 | 9 | 16 | 13 |
| | | अशोकनगर | 9 | 8 | 16 | 12 |
| | | बड़वानी | 7 | 7 | 15 | 11 |
| | | बुरहानपुर | 7 | 6 | 11 | 9 |
| | | डिंडोरी | 9 | 5 | 15 | 14 |
| | | झाबुआ - II | 5 | 3 | 10 | 8 |
| | | रतलाम - II | - | - | - | - |
| | | उज्जैन - II | 9 | 7 | 15 | 12 |
| | | उमरिया | 7 | 7 | 13 | 9 |
| 15. | महाराष्ट्र | बांदरा | 0 | 0 | 9 | 8 |
| | | धुले | 5 | 0 | 11 | 10 |
| | | नंदुरबार II | 0 | 0 | 10 | 9 |
| | | परभानी | 7 | 4 | 15 | 13 |
| 16. | मेघालय | ईस्ट खासी हिल्स- I | 10 | 5 | 13 | 10 |
| | | ईस्ट जयन्तिया हिल्स | - | - | - | - |
| | | माउंसीराम-II | 1 | 0 | 10 | 7 |
| 17. | मणिपुर | सेनापति | 2 | 1 | 10 | 10 |
| | | उखरूल | 1 | 1 | 10 | 9 |
| 18. | मिजोरम | आइजॉल | 0 | 0 | 10 | 7 |
| | | चम्फाई | 5 | 0 | 10 | 9 |
| | | मामित | 1 | 1 | 10 | 5 |
| | | लाँगतलाई | 7 | 4 | 15 | 7 |
| | | कोलासिब | 8 | 5 | 11 | 8 |
| | | लुंगली | 2 | 0 | 10 | 5 |
| 19. | नागालैंड | दीमापुर | 5 | 4 | 11 | 7 |
| | | किफिरे | 0 | 0 | 7 | 0 |
| | | लोंगलेंग | 2 | 1 | 10 | 8 |
| | | मोकांकचुंग | 6 | 0 | 10 | 10 |
| | | पेरेन | 6 | 4 | 14 | 10 |
| | | वाकचिंग | - | - | - | - |
| | | जून्हेबोटो | 5 | 3 | 10 | 7 |
| 20. | ओडिशा | बारगढ़ | 7 | 4 | 11 | 9 |
| | | भद्रक | 7 | 7 | 13 | 8 |
| | | देवगढ़ | 9 | 5 | 14 | 5 |
| | | जगतसिंहपुर | 7 | 7 | 13 | 8 |
| | | जाजपुर | 7 | 5 | 13 | 10 |
| | | मलकानगिरी - I | 7 | 4 | 15 | 7 |
| | | मलकानगिरी - II | 5 | 2 | 10 | 6 |
| | | नयागढ़ | 7 | 5 | 11 | 9 |
| 21. | पंजाब | अमृतसर- II | 7 | 5 | 12 | 10 |
| | | बरनाला | 7 | 6 | 15 | 12 |
| | | फाजिल्का | 0 | 0 | 7 | 1 |
| | | मोहाली | 10 | 8 | 15 | 14 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तरणतारण | 10 | 7 | 16 | 16 |
| 22. | राजस्थान | बांसवाड़ा-II | 9 | 5 | 11 | 8 |
| | | करौली | 10 | 8 | 15 | 15 |
| | | प्रतापगढ़ | 0 | 8 | 9 | 14 |
| | | श्री गंगानगर- II | 5 | 3 | 12 | 10 |
| 23 | सिक्किम | पूर्वी सिक्किम | 7 | 3 | 11 | 9 |
| 24 | त्रिपुरा | उत्तर त्रिपुरा | 7 | 6 | 14 | 5 |
| | | दक्षिण त्रिपुरा | 0 | 0 | 9 | 6 |
| | | सपाहीजल | 0 | - | 9 | - |
| 25. | उत्तर प्रदेश | अंबेडकरनगर | 6 | 6 | 11 | 10 |
| | | इलाहाबाद | 8 | 6 | 16 | 16 |
| | | बांदा | 6 | 7 | 11 | 10 |
| | | देवरिया | 3 | 0 | 14 | 8 |
| | | हमीरपुर | 10 | 10 | 15 | 13 |
| | | कासीरामनगर | 0 | 0 | 9 | 7 |
| | | रामपुर | 0 | - | 7 | - |
| | | बदायूं | 0 | 0 | 9 | 6 |
| | | शामली | 0 | 0 | 9 | 6 |
| | | श्रावस्ती | 7 | 2 | 11 | 8 |
| | | सीतापुर-II | 3 | 0 | 13 | 11 |
| 26. | उत्तराखंड | चमोली | 8 | 6 | 11 | 6 |
| | | देहरादून | 8 | 7 | 14 | 14 |
| | | पौड़ी गढ़वाल | 7 | 6 | 14 | 6 |
| | | पिथोरागढ़ | 8 | 8 | 14 | 9 |
| 27. | पश्चिम बंगाल | अलीपुरद्वार | 10 | 6 | 15 | 9 |
| | | बांकुड़ा | 7 | 6 | 12 | 10 |
| | | बीरभूम | 9 | 8 | 15 | 9 |
| | | कूच बिहार | 2 | 1 | 10 | 8 |
| | | हुगली | 10 | 9 | 15 | 15 |
| | | हावड़ा | 1 | 1 | 10 | 10 |
| | | जलपाईगुड़ी | 0 | 0 | 9 | 2 |
| | | पश्चिम मेदिनीपुर | 8 | 8 | 12 | 10 |
| | | पूर्व मिदनापुर | 8 | 5 | 12 | 10 |
| | | पुरुलिया | 8 | 8 | 15 | 12 |
| | | दक्षिण 24 परगना -I | 2 | 1 | 10 | 7 |
| | | दक्षिण 24 परगना -II | 8 | 3 | 13 | 9 |
| | | दक्षिण दिनाजपुर | 7 | 7 | 11 | 9 |
| | | उत्तर दिनाजपुर | 2 | 2 | 10 | 6 |
| **TOTAL** | | | **764** | **550** | **1865** | **1304** |

*****